दैनिक
जनता की आवाज
मीडिया फॉर यू
प्रकाशन के 09 वर्ष
RNI: UPHIN/2015/65169
गुरुवार 09 मई 2024
वर्ष : 09, अंक : 105
पृष्ठ : 04 मूल्य : 02 रुपया
गाजियाबाद से प्रकाशित हापुड़ ❖ मेरठ ❖ शामली ❖ मुजफ्फरनगर ❖ बागपत ❖ सहारनपुर ❖ बिजनौर ❖ दिल्ली एनसीआर में प्रसारित
Email:- m4unews@gmail.com 8445657566

एसपी के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने... 4

वर्ग संघर्ष ,आतंकवाद, नक्सलवाद और अलगाववाद कांग्रेस की ही देन: योगी

जनता की आंखों में धूल झोंककर अब सत्ता नहीं हथिया पाएगी कांग्रेस: योगी

गोरखपुर एजेंसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कांग्रेस द्वारा अपने घोषणा पत्र को न्याय पत्र कहा जाना अपने आप में हास्यास्पद है। वास्तव में यह अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ी जातियों के प्रति, भारत की सनातन आस्था के प्रति अन्याय पत्र है। कांग्रेस का घोषणा पत्र मुस्लिम लीग के नए वर्जन के जैसा है। देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल का घोषणा पत्र मुस्लिम लीग का प्रतिनिधित्व करता हो, इससे ज्यादा शर्मनाक दूसरा कुछ और नहीं हो सकता।

बुधवार को अकबरपुर, फरुर्खाबाद और शाहजहांपुर लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के लिए निकलने से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखनाथ मंदिर परिसर में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता श्रीमती सोनिया गांधी द्वारा भाजपा पर नफरत की राजनीति को बढ़ावा देने का आरोप लगाए जाने के सवाल पर सीएम योगी ने तल्ख अंदाज में कहा कि सफेद झूठ बोलने की बजाय कम से कम सोनिया गांधी को तो सच बोलने की आदत डालनी चाहिए। चुनाव के दौरान अब वे लोग देश की जनता की आंखों में धूल झोंककर सत्ता नहीं हथिया पाएंगे क्योंकि मोदी जी के नेतृत्व

में पूरा देश एकजुट होकर एक भारत-श्रेष्ठ भारत के दर्शन के रहा है।

उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी जी की तरफ से भाजपा पर लगाया गया झूठा आरोप 'उल्टा चोर कोतवाल को डांटे' को चरितार्थ करने जैसा है। उन्होंने कहा कि यह हर व्यक्ति जानता है बांटों और राज करो की नीति कांग्रेस को विरासत में प्राप्त हुई है। अंग्रेजों की कुटिल चाल को 1947 में कांग्रेस ने सफल होने दिया और देश का बंटवारा किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद राजनीतिक स्वार्थ के कारण जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर देश के अंदर वर्ग संघर्ष को कांग्रेस ने बढ़ावा दिया। आतंकवाद, नक्सलवाद और अलगाववाद, यह सब कांग्रेस की ही देन है। सीएम ने सवालिया अंदाज में कहा कि यूपीए चेयरपर्सन के रूप में श्रीमती सोनिया गांधी जी ने 2004 से लेकर 2014 के बीच में क्या किया, यह कौन नहीं जानता। उस समय क्या यह सच नहीं कि ओबीसी के आरक्षण पर सेंधमारी लगाने के लिए जस्टिस रंगनाथ मिश्रा की कमेटी इन्होंने गठित की थी। और, कमेटी ने संस्तुति की थी कि ओबीसी के आरक्षण में से 6 प्रतिशत आरक्षण मुसलमानों को दे दिया जाय। भाजपा और एनडीए ने उसे समय विरोध किया था और कांग्रेस के मंसूबे पूरे नहीं हो पाए। यही नहीं, एससी-एसटी के अधिकारों पर भी कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने घुसपैठ करने का प्रयास किया था।

सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अपर पुलिस महानिदेशक महोदय मेरठ जोन मेरठ द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में जनपद के पुलिस अधिकारियों के साथ गोष्ठी कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये

मीडिया फॉर यू

मुजफ्फरनगर: जनपद में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने, कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अपर पुलिस महानिदेशक महोदय, मेरठ जोन मेरठ, ध्रुवकांत ठाकुर द्वारा को पुलिस लाईन सभागार मुजफ्फरनगर में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर अभिषेक सिंह, पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत, पुलिस अधीक्षक देहात आदित्य बंसल, पुलिस अधीक्षक अपराध प्रशान्त कुमार प्रसाद, पुलिस अधीक्षक यातायात कुलदीप सिंह सहित समस्त क्षेत्राधिकारीगण एवं समस्त थाना प्रभारी/थानाध्यक्ष उपस्थित रहे महोदय द्वारा कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए शराब, खनन, गौकश/गौतस्कर, भूमाफिया तथा मादक पदार्थ तस्करों आदि के बारे मे जानकारी कर इस प्रकार के अपराधो मे संलिप्त अभियुक्तों पर गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत की गई कार्यवाही तथा गैंगस्टर अधि0 के अन्तर्गत पंजीकृत अभियोगों में धारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही करने तथा जनपद मे खनन, शराब, गौकश/गौतस्करों,भूमाफियाओं तथा मादक पदार्थ तस्करों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर अभियोग पंजीकृत कर कड़ी कानूनी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया

। महोदय द्वारा एन्टी रोमियो स्कॉड, महिला आरक्षियों व अन्य पुलिसकर्मियों को अपनी बीट में जाकर ग्राम प्रधान आदि के सहयोग से, स्कूल/कॉलेज, कोचिंग संस्थान आदि में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु विभिन्न कार्यक्रम व गोष्ठी कर सुरक्षा संबंधित सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही जनपद में विशेष चेकिंग अभियान चलाते हुए असामाजिक तत्वों, नई उम्र के संदिग्ध लड़कों, दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी, तेज रफ्तार मोटरसाईकिल, बिना हेलमेट, पटाखे वाली बुलेट आदि पर सतर्क दृष्टि रखते हुए चेकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके उपरान्त महोदय द्वारा लंबित विवेचनाऐं, विशेषकर एससी एसटी एक्ट, महिला सम्बन्धी अपराध, पोक्सो एक्ट तथा लागू होने वाले नवीन तीन कानूनों आदि की समीक्षा की गई तथा कार्य योजना बनाकर गुण दोष के आधार पर विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण करने, विशेष रूप से वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित कर उनके विरूद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया तथा पोक्सो एक्ट, महिला संबंधी अपराधों में अपराधियों को कड़ी सजा दिलाने हेतु प्रभावी पैरवी करने के निर्देश भी दिए गए अन्त में महोदय द्वारा स्ट्रांग रुम की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रखने तथा वहा लगे सीसीटीवी कैमरों द्वारा निरंतर निगरानी रखने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

नया सत्र शुरू होते ही स्कूल काट रहे चांदी

एनसीईआरटी छोड़ प्राइवेट पब्लिकेशन की पुस्तकें खरीदने को कर रहे अभिभावकों को मजबूर

मीडिया फॉर यू ब्यूरो
अजीत कुमार श्रीवास्तव

शामली: नया सत्र शुरू होते ही जहां एक ओर बच्चो की खुशी का ठिकाना नहीं रहता वहीं दूसरी ओर स्कूल अभिभावकों के शोषण के नए नए तरीके अपनाने में मशगूल हो जाते हैं । जिससे शिक्षा काम किताब की दुकान ज्यादा नजर आते हैं स्कूल । स्कूल अभिभावकों को एनसीईआरटी की किताबे जो सरकार द्वारा निर्धारित किताबे है उनके द्वारा शिक्षा देने को कहती है, लेकिन स्कूल तो अपनी तानाशाही के आगे किसी को कुछ नहीं

समझते हैं । सूत्रों के हवाले से खबर मिल रही है कुछ स्कूल तो जमकर सरकार को बदनाम करने पर तुले हुए हैं। वहीं प्रशासन अपनी आंखे बंद किए हुए है लगता है मानो उसको किसी बात की खबर ही नहीं है। देखते हैं कि प्रशासन की आंख कब खुलती है और वह इन स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई कब शुरू करते हैं ।

बसपा की लोकसभा चुनाव में एक भी सीट नहीं आ रही: अखिलेश यादव

लखनऊ एजेंसी। बसपा के अंदरूनी मसले पर समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने टिप्पणी की है। उन्होंने ट्वीट कर बताया कि आखिर क्यों बसपा ने बड़े फेरबदल किए हैं। गौरतलब है कि 7 मई को मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के नेशनल कॉर्डिनेटर के पद से हटा दिया था। साथ ही उनसे अपना उत्तरधिकार का पद भी वापस ले लिया था। अखिलेश यादव ने ट्वीट कर कहां कि बसपा ने अपने संगठन में बड़े बदलाव का जो भी कदम उठाया है वो उनकी पार्टी का आंतरिक विषय तो बताया लेकिन इसके पीछे की वजह भी बताई कि लोकसभा चुनाव में बसपा की एक भी सीट आती हुई नहीं दिख रही है। बसपा के अधिकांश परंपरागत समर्थक भी इस बार संविधान और आरक्षण को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन को ही वोट दे रहे हैं। इस बात को बसपा अपने संगठन की विफलता के रूप में ले रही है। इसीलिए उनका शीर्ष नेतृत्व संगठन में इतना बड़ा फेर-बदल कर रहा है लेकिन अब बाजी बसपा के हाथ से निकल चुकी है।

अखिलेश ने कहा कि सच ये है कि बसपा का प्रभाव क्षेत्र में होते हुए भी पिछले चरणों में उनकी एक भी सीट नहीं आ रही है तो बाकि के चार चरणों में तो कोई संभावना बचती नहीं है। उन्होंने वोटरों से अपील करते हुए कहा कि आप अपना वोट खराब न करें बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर के संविधान को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन का साथ दें। साथ ही अखिलेश यादव ने भाजपा को आरक्षण विरोधी भी बताया।

संक्षिप्त समाचार

'एयर इंडिया को बंद कर देना चाहिए, दिल्ली हवाई अड्डे पर फंसे गुलाम नबी आजाद ने एयरलाइन कंपनी पर साधा निशाना

नई दिल्ली एजेंसी। डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के नेता गुलाम नबी आजाद उन यात्रियों में से थे, जो एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ानें रद्द होने से प्रभावित हुए थे, क्योंकि केबिन क्रू के एक सदस्य को बीमार बुलाया गया था। अचानक उठाए गए कदम की आलोचना करते हुए आजाद ने कहा कि टाटा समूह की एयरलाइन को बंद कर देना चाहिए। मंगलवार रात से चालक दल की कमी के कारण एयर इंडिया एक्सप्रेस की लगभग 80 उड़ानें बाधित हो गई हैं, जिनमें रद्दीकरण और लंबी देरी भी शामिल है, क्योंकि 200 से अधिक केबिन क्रू के बीमार होने की सूचना है। एअर इंडिया एक्सप्रेस ने मंगलवार रात से अपनी 90 से अधिक उड़ान रद्द कर दी हैं क्योंकि टाटा समूह के स्वामित्व वाली विमानन कंपनी में कथित कुप्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन के तौर पर बड़ी संख्या में चालक दल के वरिष्ठ सदस्यों ने बीमार होने की सूचना दी है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। इसके बाद देश के अनेक हवाईअड्डों पर सैकड़ों यात्री फंसे हुए हैं।केरल के कुछ हवाईअड्डों पर एअर इंडिया एक्सप्रेस के कई यात्रियों ने अंतिम समय में अपनी उड़ान रद्द होने के खिलाफ प्रदर्शन किया जिनमें अधिकतर खाड़ी देशों की यात्रा करने वाले लोग शामिल थे। कुछ यात्रियों ने दावा किया कि उन्हें सुरक्षा जांच पूरी होने के बाद उड़ान निरस्त होने की सूचना दी गई। उड़ानें रद्द होने के बीच नागर विमानन मंत्रालय ने एअर इंडिया एक्सप्रेस से समस्या का तुरंत समाधान निकालने को कहा और उससे उड़ानें रद्द होने पर रिपोर्ट मांगी है। चालक दल को लेकर संकट के बीच सीईओ आलोक सिंह ने कहा कि एयर इंडिया एक्सप्रेस अगले कुछ दिन उड़ानों में कटौती करेगी। चालक दल के सदस्यों की उपलब्धता न होने से उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए उड़ानों की संख्या में कटौती की गयी है।

विवादों के बीच सैम पित्रोदा ने इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा, खड़गे ने किया स्वीकार

नई दिल्ली एजेंसी। अपनी नस्लवादी टिप्पणी को लेकर चल रहे विवाद के बीच सैम पित्रोदा ने बुधवार को अपनी मर्जी से इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने का फैसला किया। उनके इस फैसले को सबसे पुरानी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने स्वीकार कर लिया है। पित्रोदा की 'विरासत कर' टिप्पणी पर अभी धूल भी नहीं जमी थी कि नेता ने भारत की विविधता पर अपनी नवीनतम टिप्पणी से सबसे पुरानी पार्टी के लिए एक नई मुसीबत खड़ी कर दी। अक्सर राहुल गांधी के करीबी सहयोगी माने जाने वाले पित्रोदा ने कहा कि भारत के पूर्व में लोग चीनी जैसे दिखते हैं और दक्षिण में लोग अफ्रीकियों जैसे दिखते हैं। हाल के वर्षों में पित्रोदा द्वारा खड़ा किया गया यह पहला विवाद नहीं है। 2019 के लोकसभा चुनावों से पहले, पित्रोदा ने एक टीवी साक्षात्कार में कहा था कि मध्यम वर्ग को सभी गरीब परिवारों के लिए न्यूनतम आय की गारंटी के लिए अधिक कर देने के लिए तैयार रहना चाहिए, और उनसे "स्वार्थी" न होने के लिए कहा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम को बाद में स्पष्ट करना पड़ा कि अगर कांग्रेस सत्ता में लौटी तो मध्यम वर्ग पर कोई अतिरिक्त कर का बोझ नहीं पड़ेगा। तब बालाकोट में भारतीय वायुसेना के हमले और आतंकवाद का मुकाबला करने पर उनकी टिप्पणियों पर भाजपा ने तीखे हमले किए थे। पित्रोदा ने कहा था कि हमला मुंबई में भी हुआ। हम तब प्रतिक्रिया दे सकते थे और अपने विमान भेज सकते थे। लेकिन यह सही दृष्टिकोण नहीं है। आठ लोग (26/11 आतंकवादी) आते हैं और कुछ करते हैं, आप पूरे देश (पाकिस्तान) पर नहीं कूदते। यह मान लेना मूर्खतापूर्ण है कि सिर्फ इसलिए कि कुछ लोगों ने यहां आकर हमला किया, उस देश के प्रत्येक नागरिक को दोषी ठहराया जाएगा। 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान, जब भाजपा ने दावा किया कि 1984 के सिख विरोधी दंगों के लिए निर्देश राजीव गांधी से आए थे, तो पित्रोदा ने आरोप से इनकार किया लेकिन कहा कि अब 1984 के बारे में क्या कहना है? पिछले 5 वर्षों में आपने क्या किया इसके बारे में बात करें।

क्रांति सेना ने प्राइवेट स्कूलों की हटधर्मि के खिलाफ खोला मोर्चा बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय जमकर किया प्रदर्शन एवं दिया ज्ञापन

मीडिया फॉर यू

मुजफ्फरनगर: क्रांति सेना के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियो ने जिला अध्यक्ष लोकेश सैनी के नेतृत्व में बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर पहुंच कर निजी स्कूलों द्वारा की जा रही लूट खसोट के विरुद्ध जोरदार नारेबाजी करते हुए बीएसए अधिकारी के प्रतिनिधि को दिया ज्ञापन जिला अध्यक्ष लोकेश सैनी ने ज्ञापन के माध्यम से मांग करते हुए कहा कि निजी स्कूलों में स्कूल यूनिफॉर्म, कॉपी किताबें, स्कूलो से ही दी जा रही है या चुनिंदा दुकानों पर लेने के लिए मजबूर किया जाता है जहां दुकानदारों के द्वारा स्कूल प्रबंधकों को मोटा कमीशन दिया जाता है कुछ निजी स्कूलों द्वारा छात्रों के परीक्षा में कम अंक आने पर

स्कूलों से नाम काट जा रहा है या अन्य विषय लेने का दबाव बनाया जा रहा है छात्र-छात्राओं से प्रत्येक वर्ष नई कक्षा में आने पर एडमिशन फीस ली जा रही है एवं स्कूलों में प्रत्येक वर्ष फीस में कई गुना बढ़ोतरी की जाती है जिससे अभिभावकों का आर्थिक शोषण हो रहा है जिस कारण अभिभावक निजी स्कूलों में शिक्षा दिलाने में अपने आप को असमर्थ महसूस कर रहे हैं वही प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ योगेंद्र शर्मा ० मंडल अध्यक्ष शरद कपूर ने कहा भाजपा राज में जनपद के अधिकतर निजी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को आर्थिक व मानसिक शोषण किया जा रहा है सरकार द्वारा गरीब छात्रों के निशुल्क शिक्षा का अधिकार नीति का कोई पालन नहीं किया जा रहा है गरीब छात्रों को बहाना बनाकर प्रवेश से वंचित किया जा रहा है प्रदेश सरकार निजी स्कूलों की लूट खसोट व हटधर्मी के खिलाफ आंख मूंदे बैठी है इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित रहे जिला महासचिव देवेंद्र चौहान वरिष्ठ नेता राजेश कश्यप जिला मीडिया प्रभारी बसंत कश्यप जिला उपाध्यक्ष गौतम कुमार जिला सचिव मंगतराम संजय गोयल उज्ज्वल पंडित डॉक्टर सचिन कुमार कार्यालय प्रभारी शैलेंद्र शर्मा मिंटू पाल अमित पाल राजकुमार सैनी मुकेश कश्यप आदि/

सड़कों के किनारे कूड़ा इकट्ठा ना किया जाए: डीएम

मीडिया फॉर यू
बिजनौर: अतीक अहमद

चांदपुर बिजनौर के जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका और नगर पंचायतों को निर्देश देते हुए कहा कि सड़कों के किनारे कूड़ा ना जमा किया जाए और इसके लिये प्रभावी कदम उठाए जाए इसी साथ ही उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को बायो माडिकल वेस्ट को नियमानुसार निस्तारित करने के निर्देश देते हुए कहा कि इस कार्य में विशेष सावधानी बरती जाए ताकि उसको सही प्रकार से नष्ट किया जा सके और मेडिकल वेस्ट पर्यावरण प्रदूषण का कारक ना बनने पाए उन्होंने औद्योगिक इकाईयों के प्रदूषण नियंत्रण के सम्बन्ध में संबंधित विभागीय अधिकारी को निर्देशित किया कि औद्योगिक इकाईयों का भ्रमण कर वहां से निकलने वाले अपशिष्टों का निस्तारण कराने के लिए निर्धारित नियमों का पालन कराना सुनिश्चित कराएं और किसी भी अवस्था में कारखानों का गन्दा पानी अथवा अपशिष्ट

नदी या नालों में ना छोड़ा जाना सुनिश्चित कराएं जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि अवैध रूप से संचालित ईट भटटों एवं क्रेशरों पर आवश्यक नियमानुसार कार्यवाही करते हुए उनके प्रति कठोर जुमार्ने की कार्यवाही सुनिश्चित करें उन्होंने कहा कि जिन जगहों पर पहले से ही कूडा डाला जा रहा है वहॉ पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए उन्होंने बैठक में बायोमेडिकल बेस्ट नगरीय ठोस अपशिष्ट ओद्योगिक प्रदूषण की समीक्षा नदियों की साफ सफाई और निर्माण कार्य से उत्पन्न डस्ट की समीक्षा करते हुए कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाना हमारा कर्त्तव्य है तथा जीवन में पानी के महत्व को दृष्टिगत रखते हुए उक्त सम्बन्ध में सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं उन्होंने निर्देश दिए कि बढ़ते जल संकट को देखते हुए जलसंचय का उचित एवं सुव्यवस्थित प्रबंध किया जाना सुनिश्चित करें उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में जल संचय करें और जलाशय को गहरा करें ताकि उसमें पानी भरा रहे उन्होंने कहा कि गांवों और खेतों में जलाशयों जल का भराव करके भी भूगर्भ के जलस्तर को कम होने से रोका जा सकता है इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा मुख्य चिकित्साधिकारी विजय कुमार गोयल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जय करन यादव डीएफओ बिजनौर सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे

सम्पादकीय

अग्निकांड से नुकसान

हिमालयी क्षेत्र पूरे देश के मौसम का नियामक है। उत्तराखंड से निकलने वाली गंगा-जमुना जैसी अनेक सदानीरा नदियां देश की जीवनधारा को सींचती हैं। ग्लेशियरों वाले इलाके में जहां जलभंडार हैं, वहीं समृद्ध जैव विविधता भी। ऐसे में गंगा-जमुना के मायके के जंगलों से लगातार आग के समाचार परेशान करते हैं। मई के पहले सप्ताह में ही आग लगने की करीब साढ़े नौ सौ घटनाएं दर्ज हो चुकी हैं। जिसमें करीब बारह हजार हेक्टेयर वन क्षेत्र को अग्निकांड से नुकसान हुआ । पांच लोगों के मरने की भी खबर है। यूं हर साल उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने की खबरें आती हैं। यह सिलसिला मार्च के अंत से शुरू होकर मई तक चलता है। लेकिन इस बार यह संकट ज्यादा गंभीर नजर आ रहा है। कई जनपदों में दृश्यता में कमी आई है। राज्य सरकार के सीमित संसाधनों व भौगोलिक जटिलताओं के चलते वनों का धधकना जारी है। काबू पाने के लिये वायुसेना व एनडीआरएफ की मदद ली जा रही है। यह एक हकीकत है कि जंगलों के धधकने में मानवीय हस्तक्षेप कहीं न कहीं जरूर होता है। माना जंगलों में गिरने वाली पत्तियों व घास का समय रहते निस्तारण न होने से ज्वलनशीलता तो होती है, लेकिन आग इंसानी लापरवाही या साजिश से ही लगती है। इसकी पुष्टि इस बात से होती है कि नवंबर 2023 से अब तक करीब पौने चार सौ वन अपराधों के मामले पंजीकृत हो चुके हैं। इसमें साठ लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज हो चुकी हैं। इस बात को उत्तराखंड का वन विभाग भी स्वीकार करता है कि 95 फीसदी अग्निकांड के मामलों में मानवीय दखल जिम्मेदार होता है। जिसमें लापरवाही के साथ-साथ इरादतन लगाई गई आग भी शामिल है। इस बार जहां आग लगाने के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई हुई है, वहीं विभाग के लापरवाह अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए उनके खिलाफ भी लापरवाही के चलते कार्रवाई की जा रही है। दरअसल, अग्निकांडों के बाद कार्रवाई फॉरेस्ट एक्ट व वन्य जीव संरक्षण कानूनों के तहत की जा रही है। इसके अलावा सार्वजनिक व निजी संपत्ति नुकसान क्षतिपूर्ति कानून के तहत भी कार्रवाई होगी। इस संकट को देखते हुए एनडीआरएफ व वायुसेना के हैलिकॉप्टरों की मदद ली जा रही है। वहीं आईआईटी रुड़की की मदद से कृत्रिम बारिश के विकल्प पर भी विचार किया जा रहा है। निश्चित रूप से हर साल जलने वाले सैकड़ों हेक्टयर वनों को आग से बचाने के लिये स्थायी उपायों की जरूरत महसूस की जा रही है। हमें वर्ष 2021 में हुए अग्निकांडों से सबक लेना चाहिए, जब आग लगने की करीब 2813 घटनाओं में करीब चार हजार हेक्टेयर वन क्षेत्र को क्षति पहुंची थी। अग्निकांडों में आठ लोग मारे गये थे। रोचक तथ्य यह है कि कोविड-19 के दौर में मानवीय आवाजाही कम होने से आग लगने की सबसे कम घटनाएं हुई थीं। दरअसल, सरकारों की प्राथमिकता में पर्यावरण व वन संरक्षण शामिल ही नहीं हो पाया है। वनों के संरक्षण के लिये बजट बहुत कम है और आग बुझाने के पर्याप्त संसाधनों का अभाव है। पिछले दिनों अग्निकांड की घटनाओं के दौरान वनकर्मियों की ड्यूटी चुनाव के लिये लगाने पर भी सवाल उठे। इसके अलावा एक बात तो तय है कि ग्लोबल वार्मिंग के चलते वातावरण में तापमान बढ़ने से भी आग लगने की घटनाएं बढ़ी हैं। हमें बढ़ते तापमान के साथ प्रकृति संरक्षण के उपायों को बढ़ावा देना होगा। राज्य सरकार को एक सदी से अधिक समय से चली आ रही उस वन पंचायत व्यवस्था को मजबूत करना होगा, जो वन संरक्षण में सदैव सहायक रही है। साथ ही चीड़ के उन पेड़ों के बारे में भी सोचना होगा, जिन्हें अंग्रेज बाहर से लाए थे और उसकी सूखी पत्तियों की आग भड़काने में बड़ी भूमिका होती है। दरअसल, पलायन का दंश झेल रहे उत्तराखंड में कृषि व पशुधन के लिये घास-पात का उपयोग न होने से भी जंगलों में ज्वलनशील स्थितियां बनी हैं। वहीं वन कानून सख्त होने से ग्रामीणों के हितों की अनदेखी के चलते उनकी वनों के प्रति उदासीनता भी बढ़ी है। निस्संदेह, जंगलों की आग वन विभाग ग्रामीणों के सहयोग के बिना नहीं बुझा सकता।

भारत जेनोफोबिक नहीं बसुधैव कुटुंबकम का प्रबल पक्षधर, अपनी गिरेबां में झांकें अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन

कमलेश पांडेय
वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक

बाइडन का यह कहना कि यदि रूस और चीन के साथ जापान प्रवासियों को अधिक अपनाएगा तो आर्थिक रूप से बेहतर प्रदर्शन करेगा। उन्होंने वहां उपस्थित लोगों से सवालिया लहजे में पूछा भी कि- चीन आर्थिक रूप से इतनी बुरी तरह क्यों रूक गया है?



प्राचीन काल से ही 'वसुधैव कुटुंबकम' और 'सर्वे भवंतु सुखिनः' जैसा उदात्त विचार रखने वाले भारत को यदि कोई जेनोफोबिक यानी विदेशियों से द्वेष रखने वाला ठहराए, तो ये उसकी अपनी मर्जी है, खुदगर्जी है। जी हां, अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने पिछले दिनों वाशिंगटन में प्रवासियों की एक बैठक में जब यह कहा कि भारत, चीन, जापान और रूस की जेनोफोबिक (विदेशियों से द्वेष वाली) प्रकृति उनकी आर्थिक समस्याओं के लिए जिम्मेदार है, तो दुनिया के थानेदार की रणनीतिक विवशता स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रही थी। उनकी इस टिप्पणी के गहरे सियासी मायने हैं, जिन्हें वैश्विक कूटनीति के लिहाज से समझने की जरूरत है। क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति जब कुछ बोलता है तो वह अनायास नहीं होता, बल्कि रणनीतिक होता है, जिसके शब्द-शब्द में दुनियावी संघर्ष के सूत्र और पारस्परिक जद्दोजहद के भाव चतुराई पूर्वक गूंथे गए होते हैं।

बाइडन का यह कहना कि यदि रूस और चीन के साथ जापान प्रवासियों को अधिक अपनाएगा तो आर्थिक रूप से बेहतर प्रदर्शन करेगा। उन्होंने वहां उपस्थित लोगों से सवालिया लहजे में पूछा भी कि- चीन आर्थिक रूप से इतनी बुरी तरह क्यों रूक गया है? जापान को परेशानी क्यों हो रही है? रूस और भारत क्यों परेशान हैं? क्योंकि वे जेनोफोबिक हैं। वे प्रवासी नहीं चाहते। लेकिन अंतर्राष्ट्रीय मामलों के जानकार बताते हैं कि अमेरिका तो शुरू से ही प्रवासियों की भूमि रही है। जब ब्रिटिश साम्राज्य में सूरज अस्त नहीं होता था, तब से अमेरिका खुद को मजबूत बना रहा था। प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के बाद ग्रेट ब्रिटेन का रुतबा कम होने लगा और उसके अभिन्न मित्र के रूप में अमेरिका का प्रभुत्व बढ़ने लगा।

हालांकि जब यूएसए और यूएसएसआर (सोवियत संघ) यानी अमेरिका और रूस में शीतयुद्ध बढ़ा और भारत जब रूस के करीब आया तो अमेरिका ने चीन-जापान से नजदीकियां बढ़ा लीं। वहीं, भूमंडलीकरण और नई आर्थिक नीतियों के चलते जब सोवियत संघ बिखर गया और रूस अपेक्षाकृत कमजोर पड़ गया तो अमेरिका ने भारत पर भी डोरे डाले और रूस-चीन की नजदीकियां बताकर भारत के अभिन्न मित्र बनने का स्वांग रचने लगा। इन तमाम रणनीतिक कसरतों के पीछे अमेरिका का सिर्फ और सिर्फ यही उद्देश्य है कि वह दुनिया का थानेदार बना रहे।

वहीं, बदलते वैश्विक परिवेश में जब भारत में मोदी सरकार आई और पिछले एक दशक में ताबड़तोड़ रणनीतिक और कूटनीतिक फैसले लेते हुए भारतीय गुटनिरपेक्षता के सिद्धांत को मजबूती पूर्वक अपनाए रखा और अंतर्राष्ट्रीय सम्बन्धों में भारतीय हितों को तरजीह देना शुरू किया तो अमेरिका, चीन और रूस का नजरिया भारत के प्रति बदलने लगा। फ्रांस और जापान से भारत के मजबूत रिश्ते भी कइयों को चुभने लगे। यह कड़वा सच है कि एक तरफ रूस यूक्रेन में अमेरिकी चाल में फंस गया तो दूसरी तरफ चीन ताइवान में फंसने को तैयार बैठा है, जबकि भारतीय नेतृत्व ने सूझबूझ से काम लिया और चीन-पाकिस्तान से जुड़े अमेरिकी गेम प्लान में फंसने से इंकार कर दिया। यहीं से अमेरिकी नेतृत्व भारत से चिढ़ने लगा और हाल के दिनों में अपनी अटपटी बयान बाजियों से यह संकेत देने लगा कि वह भारत और उसके मित्र जापान को भी रूस और चीन के तराजू पर ही तौलना चाहता है, जो उसकी रणनीतिक भूल है। भारत का मित्र देश इजरायल जब फिलिस्तीन संघर्ष में उलझा तो अमेरिकी इफ एंड बट से उसे मजबूती नहीं बल्कि कमजोरी मिली। इससे साफ है कि एक मित्र के रूप में दुनिया का थानेदार अमेरिका किसी का भरोसेमंद नहीं है। पाकिस्तान से अफगानिस्तान तक उसकी चालें किसी से छिपी हुई नहीं हैं। ऐसे माहौल में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा अर्थव्यवस्था के बहाने ही सही, लेकिन भारत समेत रूस, चीन और जापान पर निशाना साधना यह जाहिर करता है कि रूस से लेकर चीन तक और ईरान से लेकर अफ्रीका तक विभिन्न मोर्चे पर घिरे अमेरिका के पास अब मित्रों के साथ शत्रुओं सरीखा व्यवहार करने के अलावा कोई चारा नहीं बचा है। ऐसा इसलिए कि उसके मित्र देश अमेरिकी हथियार लॉबी की चालों में अब और फंसना नहीं चाहते। शायद इसलिए उन्हें प्रवासियों की याद आई है, जो अमेरिका के चुनाव में इस बार भी अहम भूमिका निभाने को बेताब नजर आ रहे हैं। इन प्रवासियों को ही सम्बोधित करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि, "आप जानते हैं, हमारी अर्थव्यवस्था के बढ़ने का एक कारण आप और कई अन्य लोग हैं। क्योंकि हम प्रवासियों का स्वागत करते हैं। हम इसके बारे में सोचते हैं। ऐसा इसलिए कि प्रवासी ही हमें मजबूत बनाते हैं। यह कोई मजाक नहीं है। यह अतिशयोक्ति नहीं है। हमारे पास ऐसे श्रमिकों की आमद है, जो यहां रहना चाहते हैं और सिर्फ योगदान देना चाहते हैं।"

गौरतलब है कि प्रवासियों का आना अमेरिकी राजनीति में प्रमुख मुद्दा है। नवंबर 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में यह निश्चित रूप से अहम भूमिका निभाएगा। आंकड़े बताते हैं कि 2021 के बाद से प्रतिवर्ष 20 लाख लोग अवैध रूप से सीमा पार कर अमेरिका में घुसे हैं। अवैध प्रवासियों के आने का यह अब तक का उच्चतम स्तर है। वहीं, अमेरिकी नेतृत्व को यह पता होना चाहिए कि उनके देश में प्रवासी भारतीयों की भी अच्छी खासी तादात है। इसलिए भारत और जापान के बारे में उनको वैसी राय नहीं रखनी चाहिए, जैसा कि वो रूस और चीन के बारे में रखने को आदि हो चुके हैं। अमेरिका का दूरगामी हित इसी बात में निहित है।

गुलदार को देखे जाने पर लोगों में दहशत का माहौल

मीडिया फॉर यू
बिजनौरः अतीक अहमद



चांदपुर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तहसील के अंतर्गत क्षेत्र के गांव रावटी की आबादी में घुसकर गुलदार ने गोवंश को अपना निवाला बनाया घटना से ग्रामीण भयभीत है गांव रावटी में गुलदार ने दलित बस्ती में अंदर घुसकर गांव के ही रंजीत की पशु शाला में बंधे बछड़े पर हमला करके मार डाला परिजनों ने सुबह होने पर बछड़े को मृतक हालत में पाया जिससे परिवार और गांव वालों में दहशत हो गई इस संबंध में रंजीत कैलाश कुमार ओमपाल चरण सिंह छोटन सिंह आदि गांव वालों का कहना है कि गुलदार आबादी में दोबारा आकर जानलेवा हमला कर सकता है इस आशंका को लेकर वह भयभीत है उन्होंने घटना की जानकारी वन विभाग चांदपुर को दी आरोप है कि वन विभाग की टीम सूचना दिए जाने के बाद भी मौके पर नहीं पहुंची गांव वालों ने जिला अधिकारी महोदय से गांव में पिंजरा लगवाने की मांग की है

आओ कदम बढ़ाएं,बाल विवाह मुक्त मुजफ्फर नगर बनाएं

अक्षय तृतीया के दृष्टिगत बाल विवाह की रोकथाम हेतु बाल विवाह एवम इसके दुष्परिणाम विषय पर कार्यशाला का आयोजन

मीडिया फॉर यू

मुजफ्फरनगरः जैन कन्या इंटर कॉलेज, नई मंडी, मुजफ्फर नगर मे बालिकाओं ने ली शपथ ना बाल विवाह करेंगी और ना ही बाल विवाह होने देंगी बाल कल्याण समिति से डा राजीव कुमार द्वारा कार्यशाला में उपस्थित सभी को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के विषय में दी गई विस्तृत जानकारी बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह अपराध है जिसमें 02 वर्ष की सजा व 01 लाख रूपए का जुमार्ना या दोनो का प्रावधान है भारत में शादी हेतु लड़के की आयु 21 वर्ष व लडकी की आयु 18 वर्ष है डा कंचन प्रभा शुक्ला की जनपदवासियों से अपील बाल विवाह मुक्त मुजफ्फर नगर बनाने मे दें सहयोग माननीय उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग एवम जिलाधिकारी महोदय/ जिला बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी श्री अरविन्द

मल्लप्पा बंगारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय अभिषेक सिंह एवम मुख्य विकास अधिकारी महोदय संदीप भागिया के निर्देशन में अक्षय तृतीया के दृष्टिगत बाल विवाह की रोकथाम हेतु जैन कन्या इंटर कॉलेज नई मंडी, मुजफ्फर नगर में बाल विवाह एवम इसके दुष्परिणाम विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया बाल विवाह एवम इसके दुष्परिणाम विषय पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया जिसमें सफल प्रतिभागियों गौरी स्वाति, खुशी,प्राची, श्रुति,अदिति,शिवानी, आफरीन एवम गायत्री को पुरुस्कृत कर उत्साहवर्धन किया गया। बाल विवाह एवम इसके दुष्परिणाम विषय पर आयोजित कार्यशाला में डा कंचन प्रभा शुक्ला जिला मुख्य आयुक्त भारत स्काउट एंड गाइड/प्रधानाचार्य, जैन कन्या इंटर कॉलेज प्रवक्ता किरण का विशेष सहयोग रहा बालिका शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान,संरक्षण एवम स्वावलंबन हेतु जिला बाल सरंक्षण अधिकारी संजय कुमार एवम बाल कल्याण समिति से डा राजीव कुमार द्वारा जनपद मुजफ्फरनगर में निरंतर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

राम मंदिर पर बयान के बाद सपा नेता पर बरसे राहुल प्रधान, कहा रामभक्त देंगे जवाब

मीडिया फॉर यू
ब्यूरो रिपोर्ट जितेंद्र शर्मा

जनपद मथुराः अयोध्या में राम मंदिर पर टिप्पणी के बाद पूर्व भाजपा किसान मोर्चा फायर ब्रांड नेता राहुल प्रधान ने सपा नेता राम गोपाल यादव पर जुबानी हमला बोला. उन्होंने कहा कि जिसके नाम में ही राम और गोपाल हो वह प्रभु की महिमा को न समझे. उनका बयान जनता को आक्रोशित करने वाला है लोकसभा चुनाव के लिए राजनीतिक चुनाव प्रचार के लिए नेता पुर जोर से लगे हुए हैं. इसी बीच नेताओं की एक दूसरे पर बयानबाजी भी जारी है. इस चुनाव में कई हॉट सीट हैं वही चुनाव प्रचार में जुटे भाजपा नेता राहुल प्रधान ने प्रचार प्रसार के दौरान सपा सांसद राम गोपाल यादव पर जुबानी हमले किए भाजपा (किसान मोर्चा)पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यः राहुल प्रधान ने कहा कि कहा, ह्लराम गोपाल यादव के मुंह से राम मंदिर का अपमान, जिसके नाम में ही राम और गोपाल हो वह प्रभु की महिमा को न समझे, उनका बयान जनता को आक्रोशित करने वाला है. मैं उनसे कहना चाहता हूं कि इसी चुनाव में रामभक्त और राष्ट्रभक्त उनकी सनातन विरोधी गठबंधन को जवाब देगा. क्या कहा था सपा नेता ने बता दें कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव राम गोपाल यादव ने राम मंदिर पर टिप्पणी की थी जिसका काफी विरोध हुआ. उन्होंने कहा, ह्यअयोध्या में राम मंदिर का नक्शा और वास्तु ठीक नहीं है. मंदिर ऐसे नहीं बनता. वो मंदिर बेकार है बीते दिनों ही श्री प्रधान अयोध्या रामलला के दर्शन के लिए पहुंचे थे.उन्होंने श्री राम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन पूजन किए थे. वहीं उत्तर प्रदेश के लोग समझ गए हैं कि सरकार की नीति अगर साफ और नेता का चरित्र अच्छा हो तो बहुत कम समय में बहुत अधिक विकास संभव है. पहले कांग्रेस पर बरसे थे राहुल प्रधान राहुल प्रधान ने कहा पहले भी कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा था कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो वह राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को बदल देगी और अयोध्या में मस्जिद बना देगी.

लोकसभा युवा सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंत्री कपिलदेव ने कहा कि भारत को महाशक्ति बनाने के लिए नरेन्द्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाएं

मीडिया फॉर यू

उन्नावः लोकसभा की पुरवा विधानसभा में आयोजित युवा मोर्चा सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मुजफ्फरनगर जिले की सदर विधानसभा सीट से विधायक एवं प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रही केंद्र व प्रदेश की सरकार में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़े है। उन्होंने कहा कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनके विभाग, कौशल विकास के द्वारा विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण दिए जा रहे है।जनसभा से आह्वान करते हुए मंत्री कपिल देव ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी साक्षी महाराज को भारी मतों से विजयी बनाने एवं भारत को दुनिया को महाशक्ति बनाने के लिए शेष 5 दिन भरपूर परिश्रम करें।

संक्षिप्त समाचार

नगर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने टीम के साथ छापेमारी कर नमूने लिए, व्यापारियों में मचा हड़कंप

मीडिया फॉर यू ब्यूरो, नकुड़ (सहारनपुर)। काजी शाहिद अहमद

नगर के मौहल्ला बंजारान में दो दुकानों पर खाद्य सुरक्षा विभाग अधिकारियों ने पहुंच कर वहां से नमूने लिए। टीम के साथ भारी पुलिस बल भी मौजूद रहा। बुधवार को खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी राजीव कुमार सिंह ने अपनी खाद्य विभाग की टीम व पुलिस बल के साथ नगर में में छापेमारी की। तथा मौहल्ला बंजारान में लक्कड़ वाली मस्जिद के निकट स्थित दो दुकानदारों चांद व असलम की दुकानों पर कारवाई करते हुए वहां से नमूने लिए। जिसके बाद नगर में खाद्य विभाग की टीम आने की खबर आग की तरह फैल गई। तथा मौहल्ले व नगर की अधिकतर खाद्य सामग्री की दुकाने व बाजार आनन फानन में धड़ाधड़ बंद होते चले गए। जबकि खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजीव कुमार सिंह ने बताया की नकुड़ क्षेत्र में मिलावट खोरों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। किसी भी मिलावट खोर को जनता की जान से खिलवाड़ करने की छूट नहीं दी जाएगी और ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

स्वच्छ भारत मिशन नगर पालिका प्रभारी सरदार बलजीत सिंह के नेतृत्व में कूड़ा निस्तारण को लेकर शानदार पहल

मीडिया फॉर यू

मुजफ्फरनगर: एम आई 2सी कंपनी के सहयोग से नगर पालिका द्वारा आज से नगर के मुख्य मार्केट में भी डोर टू डोर कूड़ा उठाने के लिए गाड़ी का संचालन शुरू व्यापारियों की सुविधा अनुरूप शाम 5:00 से लेकर 10:00 तक दुकानों के बाहर डस्टबिन से कूड़ा उठाया जायेगा मार्केट एसोसिएशन के व्यापारियों ने शानदार पहल को देखते हुए स्वच्छ भारत मिशन नगर पालिका प्रभारी एवं अन्य पदाधिकारी का फूलमाला से किया स्वागत

चुनावी रंजिश के चलते महिला के साथ मारपीट करने का आरोप

मैनाठेर। थाना क्षेत्र के ग्राम डींगपुर में एक विधवा महिला के साथ चुनावी रंजिश को लेकर गाली-गोच करते हुए मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है महिला ने थाने में शिकायती पत्र देते हुए पुलिस से कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।

महिला ने शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि गांव के ही कुछ लोग एक पार्टी विशेष को वोट करने के लिए उस पर दबाव बना रहे थे। लेकिन जब उसने अपनी इच्छा अनुसार दूसरी पार्टी के प्रत्याशी को वोट किया तो वह लोग चढ़ गए और उससे रंजिश रखने लगे। आरोप है कि बुधवार को जब वह रास्ते से गुजर रही थी तो वे लोग उसके साथ गाली गलौज करने लगे और उसके द्वारा विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की है।

पुस्तकें कुछ कहना चाहती हैं, आपके पास रहना चाहती हैं :डॉ कुलश्रेष्ठ

मिडिया फॉर यू

मुजफ्फरनगर; श्री राम कॉलेज के मैनेजमेंट ब्लॉक में पुस्तक विमोचन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग, श्री राम कॉलेज के विभागाध्यक्ष रवि गौतम द्वारा संपादित बेसिक ऑफ एडवरटाइजिंग एंड पब्लिक रिलेशन पुस्तक का विमोचन श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलिजेज के संस्थापक चेयरमैन डॉ. एस. सी. कुलश्रेष्ठ द्वारा किया गया। इस पुस्तक के सह लेखक मयंक वर्मा, शिवानी बर्मन, कहकशा मिर्जा है।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ठ अतिथि कवियित्री सुनीता सोलंकी, साहित्यकार कवि कीर्ति वर्धन अग्रवाल, साहित्यकार राकेश कौशिक, साहित्यकार सुशील कुमार, श्रीराम ग्रुप आफ कालिजेज के चेयरमैन डा0एससी कुलश्रेष्ठ, श्रीराम कॉलेज की अध्यक्षा डा पूनम शर्मा, श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डा प्रेरणा मित्तल, श्रीराम कालेज आफ इंजीनियरिंग के निदेशक डा एस.एन.चौहान, डीन एकेडमिक्स डा विनीत कुमार शर्मा, डीन मैनेजमेंट डा सौरभ मित्तल आदि द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

पुस्तक विमोचन कार्यक्रम के अवसर पर पुस्तक के लेखक एवं संपादक रवि गौतम ने कहा कि यह पुस्तक पत्रकारिता एवं जनसंचार के विद्यार्थियों के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों के विद्यार्थियों को विज्ञापन एवं जनसंपर्क के मूल सिद्धांत से अवगत कराती है साथ ही विज्ञापन के प्रतिस्पर्धी दौर में नई बारीकियों और तकनीको पर विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान करती है उन्होंने कहा कि जनसंपर्क के क्षेत्र में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए यह पुस्तक अपने आप में संपूर्ण प्रयास है। उन्होंने कहा कि संस्थान के संस्थापक चेयरमैन डॉ.एस.सी. कुलश्रेष्ठ के प्रेरणा, प्रोत्साहन एवं सहयोग के फलस्वरूप ही यह पुस्तक पूर्ण हो पाई है। उन्होंने तीनों सह लेखकों मयंक वर्मा, शिवानी बर्मन, कहकशा मिर्जा का धन्यवाद देते हुए कहा कि पुस्तक के लेखन एवं सम्पादन में तीनों सह लेखकों का योगदान अति महत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर श्रीराम ग्रुप आफ कालिजेज के चेयरमैन डॉ. एस. सी. कुलश्रेष्ठ ने शुभकामनाएं देते हुए अपनी लिखी कविता की पंक्तियों को पढ़ते हुए कहा कि पुस्तक कुछ कहना चाहती है, आपके पास रहना चाहती है। आगे बोलते हुए उन्होंने कहा कि रवि गौतम और उनके सह लेखकों द्वारा रचित पुस्तक बहुत ही सारगर्भित है। उन्होंने कहा कि पुस्तक पत्रकारिता के लिए ही नही बल्कि सभी क्षेत्रों के लिए बहुत ही जनकारीपूर्ण पुस्तक है। उन्होंने पुस्तक लेखन एवं सम्पादन के लिए रवि गौतम, मयंक वर्मा, शिवानी बर्मन और कहकशा मिर्जा को बधाई दी एवं संस्थान के अन्य सदस्यों को इसी तरह के कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लेखक जब कुछ लिखता है तो उसका लिखा हुआ किताब में छपने के बाद तहरीर बन जाता है इस अवसर पर डा पूनम शर्मा, अध्यक्षा श्री राम कॉलेज, मुजफ्फरनगर ने शुभकामनाएं प्रेषित की इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन श्रुति मित्तल परवक्ता मैनेजमेंट विभाग ने किया।

पिता ने पुत्र के खिलाफ ताला तोड़कर दुकान पर कब्जा करने का लगाया आरोप, दी तहरीर

मीडिया फॉर यू ब्यूरो

नकुड़ (सहारनपुर)। काजी शाहिद अहमद

नगर निवासी कबाड़ी पिता ने अपने पुत्र व उसके सालों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देकर उसकी दुकान के ताले तोड़कर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया।

बुधवार को नगर के मौहल्ला जोगियान निवासी इश्तियाक कबाड़ी पुत्र शब्बीर ने कोतवाली में अपने पुत्र परवेज व उसके सालों के खिलाफ तहरीर देते हुए इंसाफ की गुहार लगाई। तहरीर के माध्यम से इश्तियाक ने बताया की वह कई महीनों से बीमार था इस कारण दुकान बंद थी, दो दिन पूर्व 6 मई 2024 दिन सोमवार को उसके पुत्र व उसके सालों ने दुकान के दो ताले काटकर उसमें अपने ताले डालकर दुकान पर अवैध कब्जा कर लिया। जब वह दुकान पर पहुंचा तो उसे ताले काटे जाने का पता चला तब उसने पड़ोसी के सीसीटीवी कैमरे में देखा तो पूरे घटनाक्रम का पता चला। जिसके बाद उसने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। वहीं नगर व समाज के कुछ गणमान्य लोग पिता-पुत्र के बीच फैसला कराने के लिए प्रयासरत हैं, खबर लिखे जाने तक फैसले की बात बन नहीं पाई थी।

पचैडा रोड गौरी शंकर धाम मे 12 मई को सुंदर कांड एवं दरबार लगेगा

मीडिया फॉर यू

मुजफ्फरनगर: देवबंद बालाजी धाम व नजीबाबाद धाम की तरह ही जिस प्रकार सर्वप्रथम बाबा का गुणगान होता है, तत्पश्चात दरबार लगता है, उसी प्रकार आने वाले रविवार दिनांक 12.5.2024 से नवनिर्मित श्री गौरीशंकर धाम मुजफ्फरनगर में भी जो पचैंडा रोड़ श्री सालासर धाम के सामने स्थित है, सर्वप्रथम सुंदरकांड व बाबा का गुणगान, तत्पश्चात दरबार लगेगा। सुंदरकांड का समय - प्रातः 10 बजे से दरबार का समय दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। यह जानकारी राजीव गोयल गुरू जी ने दी।

9 से 16 में तक मनाया जाएगा आनंद महोत्सव

ठाकुर श्री राधा रासबिहारी महाराज का द्वितीय प्राकट्य महोत्सव 9 मई से

मीडिया फॉर यू

ब्यूरो रिपोर्ट जितेंद्र शर्मा

जनपद मथुरा



वृंदावन , श्रीधाम वृंदावन के परिक्रमा मार्ग स्थित कालिंदी विहार में ठाकुर श्री राधा रसबिहारी जी महाराज का द्वितीय प्राकट्य महोत्सव के उपलक्ष में आनंद महोत्सव का आयोजन 9 से 16 मई तक किया जा रहा है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आचार्य महंत चंद्र दास महाराज ने बताया कि आनंद महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें 9 मई को पतित पावनी मां श्री यमुना महारानी का विशाल चुनरी महोत्सव सायंकाल 4 बजे से युगल घाट पर आयोजित किया जाएगा। 10 मई अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर ठाकुर श्री राधा रसबिहारी महाराज का पंचामृत अभिषेक प्रातः काल 5 से 7 बजे तक होगा। तत्पश्चात मंगला आरती, ठाकुर जी के चरण दर्शन एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। सायंकाल 4 बजे से संत महापुरुषों के सानिध्य में 151 कालशो के द्वारा श्रीमद् भागवत की भव्य पोथी यात्रा ठाकुर राधा रसबिहारी मंदिर से कथा स्थल फोगला आश्रम प्रस्थान करेगी। वही महंत मोहिनी बिहारी शरण महाराज ने बताया की दीप प्रज्ज्वलन, श्रीमद भागवत पूजन, व्यास पूजन, विप्र पूजन एवं संत महापुरुषों का आशीर्वचन होगा। 10 मई से 16 मई तक प्रातः 10 से दोपहर 2 तक श्री नामदेव कलाधारी आश्रम पीठाधीश्वर श्री जय रामदास महाराज के कृपा पात्र आचार्य महंत श्री चंद्र दास (राधिका दास) महाराज के श्रीमुख से श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कराया जाएगा। 16 मई को प्रातः 8 से पूणार्हुति एवं हवन आदि का आयोजन किया जाएगा। सायंकाल 5 बजे से संत महंतो का स्वागत आशीर्वचन के साथ-साथ भंडारे का भी आयोजन होगा।

कृष्ण भक्त दिनेश शर्मा पर गुंडा एक्ट की कार्यवाही वापस हो

मीडिया फॉर यू

ब्यूरो रिपोर्ट जितेंद्र शर्मा

जनपद मथुरा; धर्म रक्षा संघ की एक आवश्यक बैठक श्री धाम वृंदावन स्थित भगवत मंदिर में आयोजित हुई जिसमें हिंदूवादी श्री कृष्ण जन्मभूमि के मुख्य पक्षकार दिनेश शर्मा पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई का पुरजोर विरोध किया गया संत समाज ने एकत्रित होकर कहा कि लगता है इस हिंदूवादी सरकार मे कुछ प्रशासनिक अधिकारी सपा कांग्रेस की मानसिकता के हैं जो जो सरकार की छवि खराब करना चाहते हैं माननीय योगी आदित्यनाथ जी को तत्काल ऐसे प्रकरण का संज्ञान लेकर कार्रवाई को निरस्त करना चाहिए तथा दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए धर्म रक्षा संघ एवं समस्त वृंदावन के संत महंत कृष्ण भक्त दिनेश शर्मा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं इस कठिन परिस्थिति में हमें आंदोलन पर प्रशासन वाद्य ना करें बैठक की अध्यक्षता धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय संयोजक आचार्य बद्रीश ने की बैठक को संबोधित करते हुए बृजवासी पांडा सभा के अध्यक्ष श्याम सुंदर गौतम अखिल भारत हिंदू महासभा की जिला अध्यक्ष छाया गौतम ने कहा कि अब समय आ गया है जब प्रत्येक सनातनी को एक होना होगा विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष पं जयराम शर्मा श्री कृष्ण जन्मभूमि न्यास के राष्ट्रीय महामंत्री अश्वनी शर्मा ने कहा कि प्रशासन की इस कार्यवाही से संपूर्ण ब्रजमंडल में उबाल है प्रशासन अपनी है धर्मिता ना दिखाएं अतिशीघ्र हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य चक्रपाणि जी महाराज मथुरा आ रहे हैं संपूर्ण मठ मंदिरों में इस कार्रवाई का विरोध होगा गोवर्धन बरसाना में अति शीघ्र सेवायत बैठक आयोजित कर निंदा प्रस्ताव पास करेंगे महामंडलेश्वर कृष्णानंद महाराज एवं स्वामी चित्र पूणानंद जी महाराज बृज देवालय परिषद के वृंदावन नगर अध्यक्ष कौशल भारद्वाज युवा ब्राह्मण नेता मेघ श्याम गौतम ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा की बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद सभी संगठन एक होकर अति शीघ्र कमिश्नरी में अपनी बात को रखेंगे बैठक का संचालन रामकुमार ठाकुर ने किया बृज बिहारी शर्मा अजय शर्मा कृष्ण गोपाल भारद्वाज महंत महाकाल आचार्य दिवाकर महेश भारद्वाज रामनारायण शर्मा कृष्ण गोपाल भारद्वाज दीपक कुमार शर्मा संत दयाराम रामनिवास शर्मा आदि उपस्थित थे

भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत बाराबंकी के श्रद्धेय मुकेश सिंह की प्रतिमा और समाधि स्थल पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की

मीडिया फॉर यू

बाराबंकी: अशरफ अली

भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत और पीएल पुनिया पूर्व सांसद बाराबंकी ने बाराबंकी के किसान मसीहा श्रद्धेय मुकेश सिंह की प्रतिमा व समाधी स्थल पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की, और किसान मसीहा मुकेश सिंह ने जो किसान गरीब मजदूर कौम के लिए काम किया जैसे गरीब कन्याओं का हर साल सामुहिक विवाह समारोह, हर माह की 15 तारीख को जिला अस्पताल मे रक्तदान शिविर कराना, मेडिकल कॉलेज मे देहदान व नेत्र दान कराना आदि उन्होंने शुरू किया था,जो आज भी अनवरत जारी है जिसे याद करके सबकी आंखे नम हो गयी। दूर दूर से किसान अपने प्रिय नेता को श्रद्धांजलि देने पहुंचे और अपने नेता के साथ बिताये पलों को याद करके भावुक हो रहे थे। चौधरी राकेश टिकैत ने कहा मुकेश सिंह ने जो सीख दी है समाज की सेवा करने की उसका हम सब को अनुकरण करना चाहिए तथा उनके बताये मार्ग पर चलना चाहिए। वो हमारे समाज के लिए एक आदर्श व्यक्तित्व थे। पत्रकार साथियों के सवाल के जवाब मे टिकैत साहब ने कहा की ये पूंजीपतियों की सरकार है, जब अनाज सस्ता होगा और जमीने महंगी होंगी तो किसानों की जमीनें बिकेंगी और पूंजीपति लोग खरीदेंगे। उन्होंने कहा किसान भाईयों जमीन बेचकर खर्चा मत चलाना,जमीन मे अनाज पैदा करके खर्च चलाना। और अनाज का सही मूल्य मिले इसके लिए आन्दोलन करने होंगे, बिना बड़े आन्दोलन के ये सरकार किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य नही देगी। अतः किसान संगठन मजबूत करना होगा।

सिंधी जनरल पंचायत की नई टीम में युवाओं को मिली बड़ी जिम्मेदारी

मीडिया फॉर यू

ब्यूरो रिपोर्ट जितेंद्र शर्मा

जनपद मथुरा: सिंधी उत्सव संपन्न होते ही सिंधी जनरल पंचायत की समीक्षा बैठक गोवर्धन रोड स्थित कृष्णा आर्चिड कालोनी के मंगलानी निवास पर आयोजित की गई। इस मौके पर आगामी तीन वर्षों के लिए पंचायत की नई टीम की घोषणा अध्यक्ष नारायण दास लखवानी ने की, जिसमें इस बार युवाओं को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। बीते दिनों सिंधी जनरल पंचायत के चुनाव में अध्यक्ष पद हेतु सर्वसम्मति से निर्विरोध नारायण दास लखवानी को चुना गया था, इसी के साथ पहली बार बाकी सभी पदाधिकारी चुनने का अधिकार अध्यक्ष को दे दिया गया, इसी निर्णय के तहत उन्होंने सिंधी जनरल पंचायत की नई टीम में रामचंद्र खत्री वरिष्ठ उपाध्यक्ष, तुलसीदास गंगवानी उपाध्यक्ष, जीवतराम चंदानी उपाध्यक्ष, डॉ प्रदीप कुमार उकरानी उपाध्यक्ष, कन्हैयालाल भाई जी उपाध्यक्ष, बसन्तलाल मंगलानी महामंत्री, गुरुमुखदास गंगवानी वरिष्ठ मंत्री, सुरेशचंद मेठवानी मंत्री, भगवानदास मंगवानी मंत्री, जितेंद्र भाटिया मंत्री, पीताम्बर लाल रोहेरा मंत्री, जितेंद्र लालवानी कोषाध्यक्ष, झामनदास नाथानी ऑडिटर, चंदनलाल आडवानी चंदा संयोजक, हरिश चावला प्रचार मंत्री, सुंदरलाल खत्री चन्दा मंत्री, सुदामा लाल खत्री संगठन मंत्री बनाए हैं, जबकि किशोर इसरानी को एक बार फिर 12 वीं बार मीडिया प्रभारी के रूप में बरकरार रखा है। वह पिछले 28 वर्षों से मीडिया के दायित्व को निभा रहे है। कार्यकारिणी में रमेश कुमार नाथनी, अशोक अंदानी, गिरधारी लाल नाथनी, महेश कुमार घावरी, दौलत राम खत्री, कन्हैयालाल खत्री एडवोकेट, सुरेश मनसुखानी, विष्णु हेमानी, मिर्चूमल कोतकवानी, अनिल कुमार मंगलानी, अमित आसवानी, राजेश खत्री, अशोक डाबरा, लक्ष्मणदास वाधवानी, तरुण लखवानी आदि शामिल किए गए है। समीक्षा बैठक में आगामी सिंधी उत्सव के बदलाव पर सभी ने अपने विचार रखें और सिंधीयत को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रमों के लिए चर्चा हुई। सिंधी उत्सव के मुख्य संयोजक रामचंद्र खत्री ने सफलता के लिए सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। अध्यक्ष नारायणदास लखवानी ने नई टीम को समाज सेवा की प्रेरणा देकर शुभकामनाएं प्रेषित की। मंगलानी परिवार ने सहभोज के साथ सभी का स्वागत किया।

संक्षिप्त समाचार

पांच दर्जन से अधिक ग्रामीण बंदरों के काटने से हुए घायल

मीडिया फॉर यू. बाराबंकी: अशरफ अली

मसौली बाराबंकी। सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम नियामतपुर व उसके आसपास गाँवों मे बंदरो ने आंतक मचा रखा है यहाँ तक अब तक करीब 5 दर्जन से अधिक ग्रामीण बंदरो के काटने से घायल हो चुके है दो सैकड़ा से अधिक ग्रामीणों ने हस्ताक्षर युक्त प्रार्थनापत्र जिलाधिकारी को देकर बंदरो के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। कल्याणी नदी एव उसके आसपास फैले जंगल मे भारी संख्या मे बंदर होने के कारण नियामतपुर सहित अन्य गाँवो के ग्रामीणों का बंदरो के आतंक के चलते जीना मुहाल हो गया है गांव को आने जाने वाले ग्रामीणों को बंदरो के झुण्ड घेर कर काट लेते है बंदर खासकर महिलाओ एव बच्चो को निशाना बनाते है। लंबे समय से उत्पात मचा रहे बंदरों की वजह से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बंदर घरों की छतों पर रखे कपड़े और अन्य सामान को उठाकर ले जाते है या उन्हें फाड़कर व तोड़-फोड़ कर बर्बाद कर देते है। कई बंदर इतने ज्यादा हमलावर है कि वह लोगों को काटकर घायल भी कर देते है। लेकिन वन विभाग अमला इन उत्पाती बंदरों को पकड़ने की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं कर रहा हैं

ग्राम प्रधान नियामतपुर धर्मेंद्र कुमार सिंह ग्रामीण वासूदेव सिंह, प्रदीप कुमार, रामतीर्थ, गंगाराम, विकास, सत्यप्रकाश सिंह, सिराज अहमद,राजीव कुमार सहित करीब दो सैकड़ा ग्रामीणों ने हस्ताक्षर युक्त प्रार्थनापत्र जिलाधिकारी को देकर बंदरो को पकड़वाने की मांग की है।

पुलिस द्वारा 03 शातिर चोरो को किया गिरफ्तार

मीडिया फॉर यू ब्यूरो, रिपोर्टर शैलेन्द्र कुमार

जिला मथुरा: पुलिस अधीक्षक जनपद मथुरा द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर व पुलिस अधीक्षक अपराध के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी रिफाइनरी के कुशल पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक थाना हाईवे के कुशल नेतृत्व में चौकी प्रभारी पन्नापोखर थाना हाईव द्वारा मय पुलिस बल के दिनांक 07.मई को चैकिंग के दौरान नगला मेवाती के पास रेलवे अन्डरपास से 03 शातिर चोरो को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से थाना हाईवे क्षेत्र से पूर्व में चोरी की गयी एक मोटर साइकिल व दो नाजायज चाकू बरामद हुए जिसके सम्बन्ध में थाना हाईवे पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तगण के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है

सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के लिए कन्नौज लोकसभा क्षेत्र में अति पिछड़ा समाज मे प्रचार करते पवनपाल

कन्नौज लोकसभा क्षेत्र में घर घर जाकर चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं

मीडिया फॉर यू

कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं पार्टी के सभी कार्यकर्ता तन मन धन से कन्नौज लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार में जूटे हुए हैं इसी कड़ी में मुजफ्फरनगर जनपद के पवनपाल जिला सचिव समाजवादी पार्टी मुजफ्फरनगर भी अति पिछड़े समाज में पाल, प्रजापति, कश्यप समाज में कन्नौज लोकसभा क्षेत्र में अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के लिए दिन रात मेहनत करके चुनाव प्रचार कर रहे हैं पाल समाज में गांव गांव जाकर चुनाव प्रचार में लगे हुए हैं उनके साथी अक्षय लाल पाल जिला उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी जिला औरैया विधूना पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, रामसनेही पाल, प्रेमपाल राजीव पाल एवं अन्य सैकड़ो पाल समाज के नेता

भाजपा लोकसभा प्रत्याशी राजरानी ने भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष से जीत का लिया आशीर्वाद

मीडिया फॉर यू, बाराबंकी संवाददाता अशरफ अली

बाराबंकी। भाजपा लोकसभा प्रत्याशी ने भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के राजधानी लखनऊ के नौबस्ता कला स्थित राष्ट्रीय कार्यालय पहुंचकर प्रदेश अध्यक्ष चौधरी हरिनाम सिंह वर्मा से भेंटकर लोकसभा चुनाव 2024 में जीत का आशीर्वाद लिया। जिसपर राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बिन्दु कुमार, वरिष्ठ प्रदेश सचिव ठाकुर दिलीप सिंह चौहान, बाराबंकी जिलाध्यक्ष राम बरन वर्मा, कुलदीप वर्मा, नगर अध्यक्ष इमरान खान आदि ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के आशीर्वाद का संगठन की जिला इकाई शतप्रतिशत रखते हुए इन्हें निश्चित दिलवाने के लिए सार्थक प्रयास करेगी। जिसमें जिला इकाई ने अपेक्षा भी की है कि पूर्णतः अराजनैतिक संगठन के हितों के लिए जीत पश्चात किसानों के हितों की आवाज संसद में पुरजोर रुप से बुलंद करेंगी।

स्वयं सहायता समूह के महिलाओं को मिल रहा रोजगार

मीडिया फॉर यू

देवीपाटन मंडल प्रभारी हाजी निसार उस्मानी

बलरामपुर: आंगनवाड़ी केन्द्रों पर पुष्टाहार निर्माण करके विकास खण्ड श्रीदत्तगंज व उतरौला पर पुष्टाहार पहुंचाने का कार्य स्वयं सहायता समूह के सफल न्यूट्रीशन इण्टर प्राइजेज ग्राम देवरिया मैनहा के द्वारा किया जा रहा है। इससे स्वयं सहायता समूह के महिलाओं को रोजगार मिल रहा है वहीं आंगन वाडी केन्द्रों पर नियत समय पर पुष्टाहार पहुंच रहा है। क्षेत्र के बच्चों, किशोरियों, गर्भवती व धात्री महिलाओं को पोषाहार बाल विकास परियोजना द्वारा संचालित सफल न्यूट्रीशन इण्टर प्राइजेज ग्राम देवरिया मैनहा के द्वारा पोषाहार निर्माण के लिए स्वयं सहायता समूह की बीस महिलाएं कर रहीं हैं। इस प्लांट में छ प्रकार के व्यंजन बनाए जाते हैं।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह की सफल न्यूट्रीशन इण्टर प्राइजेज का गठन किया गया। इसके तहत इन्हें पीएच आर (टेक होम राशन) योजना में विकास खण्ड श्रीदत्तगंज व उतरौला के सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों को पोषाहार पहुचाया जा रहा है। विकास खण्ड श्रीदत्तगंज व उतरौला के हर आंगनवाड़ी केन्द्रों में छ माह से तीन वर्ष के प्रत्येक बच्चे को १०४२ ग्राम पैकेट में आटा बेसन, हलवा तथा तीन से छह वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को ६५० ग्राम के पैकेट में दलिया व ९५० ग्राम का मूंगदाल खिचड़ी तैयार करके दिया जाता है। कुपोषित बच्चों को ९७५ ग्राम के पैकेट में ऊजार्युक्त हलवा , गर्भवती व धात्री को दलिया, मूंगदाल,खिचडी जैसे पौष्टिक व्यंजन तैयार किए जाते हैं। किशोरी को ९७५ ग्राम के पैकेट में आटा बेसन बर्फी व ९०० ग्राम के मूंगदाल खिचड़ी तैयार किए जाते हैं।

स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष रेखा देवी ने बताया कि सरकार की इस योजना से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार मिल रहा है वहीं पोष्टिक आहार आंगनवाड़ी केन्द्रों पर पहुंच रहा है।

द्वितीय रेंडमाइजेशन के बाद मतदान कार्मिकों को विधानसभा हुई तय

मीडिया फॉर यू

देवीपाटन मंडल प्रभारी हाजी निसार उस्मानी

बलरामपुर लोकसभा सामान्य निर्वाचन - 2024 एवं गैंसड़ी विधानसभा उपचुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सकुशल रूप से संपन्न कराए जाने हेतु संसदीय सीट श्रावस्ती तथा गैंसड़ी विधानसभा उपचुनाव के लिए डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह व मा० प्रेषक किशोर कुमार की अध्यक्षता में मतदान कार्मिकों का द्वितीय रेंडमाइजेशन एनआईसी सभागार में निर्वाचन आयोग के सॉफ्टवेयर पर संपन्न हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा सीट श्रावस्ती की जनपद में तीन विधानसभा बलरामपुर , तुलसीपुर , गैंसड़ी के लिए मतदान बूथों के सापेक्ष चार मतदान कार्मिक एवं 20 प्रतिशत अतिरिक्त रिजर्व कार्मिक एवं गैंसड़ी विधानसभा उपचुनाव के दृष्टिगत दो अतिरिक्त मतदान कार्मिक कुल 6462 मतदान कार्मिकों का द्वितीय रेंडमाइजेशन सकुशल रूप से संपन्न कराए द्वितीय रेंडमाइजेशन के उपरांत चुनाव में लगे मतदान कार्मिकों का विधानसभा क्षेत्र तय हो गया है। तृतीय रेंडमाइजेशन के उपरांत पोलिंग पार्टियों का बूथ अलॉट होगा । जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी का मतदान कार्मिकों का शीघ्र ही द्वितीय प्रशिक्षण कराए जाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य ,अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, डीडीओ गिरीश चंद्र पाठक, सूचना एवं विज्ञान अधिकारी अमित कुमार, ऐश्वर्य दीप व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

एसपी के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने निकला फ्लैग मार्च

मीडिया फॉर यू, बिजनौर: अतीक अहमद

चांदपुर बिजनौर के पुलिस अधीक्षक द्वारा स्थानीय पुलिस बल के साथ शहर में अपराध नियंत्रण व शांति एवं कानून व्यवस्था तथा आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से मुख्य मार्गों बाजार एवं अन्य भीड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त की गई एवं संदिग्ध व्यक्ति वाहनों की चेकिंग कराई गई इस दौरान एसपी नीरज कुमार जादौन पुलिस क्षेत्राधिकारी भरत सोनकर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश बैंसला स्थानीय पुलिस बल के साथ मौजूद रहे

तहसील उतरौला परिसर मूलभूत सुविधाओं से वंचित

मीडिया फॉर यू ब्यूरो

मसीउद्दीन खान मस्सू

उतरौला बलरामपुर: उतरौला तहसील जिले की सबसे पुरानी तहसील है। यहां पर तमाम तरह की मूलभूत सुविधाएं नदारत हैं जैसे की महिला एवं पुरुष शौचालय (पब्लिक टॉयलेट) कहीं भी पूरे परिसर में नहीं है। पीने के लिए सिर्फ एक हैंडपंप उपलब्ध है। अगर टॉयलेट है भी तो वह बिल्कुल निष्क्रिय है और गंदगी का अम्बार चारों तरफ लगा है। जबकि यहां पर तहसील के आला अधिकारी हमेशा मौजूद रहते हैं, और कोर्ट वा आवास भी है । प्रतिदिन कम से कम हजारों की तादाद में अधिवक्ता ,वादकारी, अधिकारी ,तहसील में मौजूद रहते हैं। एक फ्रीजर एवं एक नल इतनी भारी भीड़ के लिए पर्याप्त नहीं है। शौचालय के लिए अधिवक्तागण को अथवा पब्लिक इनको इधर-उधर भटकना पड़ता है। खासकर महिलाओं के लिए बड़ी असहज स्थिति रहती है। बार-बार उनको शर्मिंदगी उठानी पड़ती है। इससे बड़ी विडंबना एवं बदकिस्मती और क्या होगी कि जब तहसील परिसर का यह हाल है। जहां पर मूलभूत सुविधाएं ही नहीं उपलब्ध है तो सार्वजनिक स्थान का क्या हाल होगा? लोगों का कहना है कि खबर प्रकाशित होने पर हो सकता है तहसील के जिम्मेदारान अधिकारियों को गहरी नींद से जगाया जा सके। और इस पर ध्यान दें ताकि तहसील उतरौला परिसर के हालात सुधारे जा सके। अधिवक्ताओं एवं आने वाले वादकारियों को मूलभूत सुविधाएं आसानी से उपलब्ध करवाई जा सके।

थाना को0 देहात अन्तर्गत ग्राम सिसई में थाना एएचटीयू टीम द्वारा बाल विवाह रोकथाम हेतु अभियान चला कर लोगों को जागरूक किया गया

बाल विवाह करना दंडनीय अपराध है

मीडिया फॉर यू

देवीपाटन मंडल प्रभारी हाजी निसार उस्मानी

बलरामपुर: पुलिस अधीक्षक बलरामपुर केशव कुमार के निर्देशन में थाना एएचटीयू टीम व रोजा संस्थान एवं महिला कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बाल विवाह रोकथाम हेतु अभियान चला कर लोगों को जागरूक किया गया

कार्यक्रम का आयोजन पंचायत भवन सिसई बलरामपुर में किया गया, जिसमें बाल विवाह रोकथाम हेतु लोगों को जिला प्रोबेशन अधिकारी सतीश चन्द्र द्वारा जागरुक किया गया कि बाल विवाह अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह कराना दण्डनीय अपराध है। बाल विवाह कराने वाले को कड़ी सजा जुमार्ना देय है। बाल विवाह की सूचना चाइल्ड हेल्प लाइन -1098 पर दे सकते है। रोजा संस्थान के प्रोग्राम इंप्लीमेंटेशन एक्सपर्ट अर्पित श्रीवास्तव द्वारा बाल विवाह को रोकने हेतु बने कानून पर चर्चा किया गया, उपरोक्त कार्यक्रम में विधि सह परीविक्षा अधिकारी श्री प्रदीप द्विवेदी, एंटी हयूमन ट्रैफिकिगं यूनिट (ए0एच0टी0यू0) से निलोफर बानो, पूजा चौहान ,अंजली यादव, असलम सिद्दीकी, ग्राम प्रधान इसरार अहमद अंसारी, सहायक अध्यापक सौम्य श्रीवास्तव तथा इरफान ,शालिनी, अनीता, अजय ,ओम प्रकाश ने प्रतिभाग किया।

विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया गया

मीडिया फॉर यू, राम गोपाल चौधरी

रेहरा बाजार / बलरामपुर : बुधवार को जिला संयुक्त चिकित्सालय में विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारम्भ मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि विश्व रेड क्रॉस दिवस हर साल 8 मई को मनाया जाता है रेड क्रॉस आंदोलन दुनिया भर में लाखों लोगों की मदद करता है। यह प्राकृतिक आपदाओं, युद्धों और अन्य संकटों के दौरान पीड़ितों को सहायता प्रदान करता है। रेड क्रॉस रक्तदान, प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण, और सामुदायिक विकास कार्यक्रमों जैसे महत्वपूर्ण कार्य भी करता है। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव सचिव रेडक्रॉस सोसायटी , डॉ अरविंद यादव, डॉ सुनील कुमार, रेडक्रॉस सोसायटी के कोषाध्यक्ष अजय मिश्रा , अरविंद मिश्रा,शिवेंद्र मणि त्रिपाठी, सी पी श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

मथुरा में परशुराम जयंती को लेकर सभी तैयारी हुई पूर्ण

मीडिया फॉर यू

ब्यूरो रिपोर्ट जितेंद्र शर्मा

जनपद मथुरा: जनपद में परशुराम जयंती को लेकर आवश्यक मीटिंग कुशल गली के सामने प्लाजा पर हुई। प्राप्त जानकारी अनुसार पता चला कि 10 मई को चौक बाजार गांधी पार्क पर सुबह 10:00 बजे भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। उस दिन परशुराम शोभा यात्रा की टीम में कुछ नए पदाधिकारी बनाए जाएंगे और सैकड़ो की संख्या में नए सदस्य को प्रस्तुति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा साथ ही में जन्मोत्सव पर स्वागत के लिए शहनाई वादन होगा साथ ही एक फूल बंगले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें भगवान परशुराम जी विराजमान होंगे। इसी उपलक्ष्य में तारीख 12 मई 24 को 11:00 बजे एक परशुराम महिला शक्ति व परशुराम शोभायात्रा समिति द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन भूतेश्वर पर किया जाएगा। श्री परशुराम शोभा यात्रा समिति राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल शर्मा ने इस बैठक की अध्यक्षता की और समिति के महामंत्री बंसीलाल शर्मा ने कार्यक्रम की सभी को जिम्मेदारी सौंप दी है। इस बैठक में मुख्य रूप से महामंत्री बंसीलाल, गौरव कांत शर्मा, राकेश गौड़, सुनील शर्मा, अर्पित शर्मा, केके शर्मा, पंडित मोनू घाटी, प्रेम बिहारी शास्त्री, पांडे सेंट वाले, रासबिहारी सुखदेव गोसाई रामकिशन, पंडित राम गोपाल शर्मा आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, नीरज कुमार गुप्ता ने मैं0 मोनेक्स ऑफसेट एस डी कांप्लैक्स निकट एमएमजी अस्पताल जी टी रोड, गाजियाबाद से मुद्रित कराकर बी 10/6 उमेश पार्क, मोदीनगर, जिला गाजियाबाद से प्रकाशित किया। सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र गाजियाबाद न्यायालय होगा। मोबाइल नं. 9870629696 संपादक नीरज कुमार गुप्ता